माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक: 2109 / कु0का0 / एम0एस0यू0 / 2022–23 दिनांक: 07-12-2022

तत्काल / अति आवश्यक

सेवा में

प्राचार्य / प्रचार्या / निदेशक / सचिव
समस्त सम्बद्व अनुदानित एवं स्वत्तिपोषित महाविद्यालय / संस्थान
माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर।

विषय– वित्तीय वर्ष / शैक्षणिक सत्र 2022–23 में दशमोत्तर छात्रवृति एवं शुल्क प्रतिपुर्ति से सम्बन्धित छात्र / छात्राओं को छात्रवृत्ति / शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु आवेदित किये गये छात्र / छात्राओं की सूचना विश्वविद्यालय को प्रेषित करने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उर्पयुक्त विषयक शासनादेश संख्या 124 / 2022 / 2815 / 26.03.2022–4 (358) 07 टी0सी0 111 दिनांक 02 मई का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसमे विश्वविद्यालय से सम्बद्व महाविद्यालय / संस्थान के द्वारा Scholarship Portal पर अपलोड की गयी निम्न सूचनाए उपलब्ध कराने का कष्ट करें। जो निम्न है

01 विश्वविद्यालय से समस्त सम्बद्व अनुदानित एवं स्वत्तिपोषित महाविद्यालय / संस्थान संचालित पाठयक्रमों का सम्बद्वता पत्र विषयवार प्रेषित करने का कष्ट करें।

02 महाविद्यालय / संस्थानों के द्वारा अग्रसारित किये गये छात्र / छात्राओं का छात्रवृति हेतु आवेदित डाटा (पी0डी0एफ0 फाईल) में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

03 यदि छात्र / छात्राओं का प्रवेश विश्वविद्यालय के पंजीकरण पोर्टल के आलावा अन्य राज्य सरकार या केन्द्र सरकार के नियमो के अनुसार हुआ है तो छात्र / छात्राओं का ऑफर लेटर का पी0डी0एफ0 फाईल में उपलब्ध कराये।

04 महाविद्यालयों / संस्थानों के सचिव / प्राचार्य के द्वारा 100 / – के शपथ पत्र इस आशय से प्रेषित कि महाविद्यालय / संस्थान में संचालित पाठयक्रमों में प्रवेशित छात्र / छात्राओं का छात्रवृति एवं शुल्क प्रतिपुर्ति का आवेदन पत्र समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश सरकार के नियम विरूद्व अग्रसारित किया जाता है तो महाविद्यालय / संस्थान स्वंय जिम्मेदार होगा।

05 महाविद्यालय / संस्थान के द्वारा अग्रसारित छात्र / छात्राओं का 75 प्रतिशत से उपर की उपस्थिति को प्रमाणित करते हुए उपलब्ध कराये।

अतः उक्त के क्रम में आपकों निर्देशित किया जाता है उर्पयुक्त सूचनाए सत्यापित कर दिनांक 08.12.2022 तक श्री राकेश चन्द्रा एसोसिएट प्रोफेसर (जे0 वी0 जैन, सहारनपुर) माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में महाविद्यालय स्वंय जिम्मेदार होगा।

भवदीय
07-12-22
सहायक कुलसचिव

प्रतिलिपि–

01 सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ प्रेषित।
02 सहायक कुलसचिव।
03 प्रभारी विश्वविद्यालय वेबसाइट।
04 डा0 राकेश चन्द्र छात्रवृति समन्वयक

सहायक कुलसचिव